प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

राज्यपाल शपथ

कविंद्र गुप्ता हिमाचल प्रदेश के नए राज्यपाल बन गए हैं। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने आज लोकभवन शिमला में आयोजित सादे मगर गरिमामय समारोह में कविंद्र गुप्ता को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान हरियाणा के राज्यपाल प्रोफैसर असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और मंत्रिमंडल के सदस्यों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कविंद्र गुप्ता हिमाचल प्रदेश के 30वें राज्यपाल बने हैं। शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि वह हिमाचल प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए सभी वर्गों को साथ लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रगति के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं और वह इसी भावना के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

राज्यपाल ने शिक्षा की गुणवत्ता और युवाओं के कौशल विकास के लिए विशेष प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के अंतर्राज्यीय बस अड्डा टूटीकंडी से प्रदेश के लिए प्री–पेड टैक्सी सेवा का शुभारंभ किया। इस सुविधा के तहत यात्री आई.एस.बी.टी. टूटीकंडी स्थित प्री–पेड टैक्सी कांउटर से टैक्सी बुक करवा सकते हैं। ये प्री–पेड टैक्सी सेवा शिमला शहर के भीतर 26 स्थानों को कवर करेगी। साथ ही चंडीगढ़ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सहित चंडीगढ़ शहर को भी इसमें शामिल किया गया है। इस सेवा में कुल एक सौ 15 वाहन शामिल होंगे, जिनका संचालन टैक्सी यूनियन द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये पहल पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी, क्योंकि किराया दरें परिवहन विभाग द्वारा अधिसूचित की गई है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस टैक्सी सेवा से स्थानीय लोगों और पर्यटकों को विश्वसनीय व सुव्यवस्थित यात्रा का अनुभव मिलेगा।

नड्डा–औषधि

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने प्रमुख औषधि घटकों के आयात पर भारत की निर्भरता कम करने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राज्यसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने बताया कि थोक दवाओं के लिए उत्पादन–आधारित प्रोत्साहन–पीएलआई योजना का उद्देश्य प्रमुख प्रारंभिक सामग्री, औषधि मध्यवर्ती और सक्रिय औषधि घटकों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना है। यह योजना 2028–29 तक लागू रहेगी।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करांदलाजे ने कहा है कि पी.एम. विश्वकर्मा योजना में त्रिस्तरीय ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से सत्यापन किया जाता है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि योजना के तहत चंबा ज़िला सहित अन्य दुर्गम क्षेत्रों के आवेदकों की सहायता के लिए सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से नामांकन की सुविधा प्रदान की जाती है। सिकंदर कुमार द्वारा चंबा ज़िला में पारंपरिक शिल्प के लिए विशेष रियायती बीमा शुरू करने की योजना के बारे में पूछे गए सवाल पर शोभा करांदलाजे ने बताया कि चंबा में पारंपरिक कारीगरों के लिए अलग से रियायती व्यापार जोखिम बीमा शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

कांस्टेबल पदक

लाहौल–स्पिति ज़िला पुलिस के हैड कांस्टेबल सुरजीत ने सिरमौर ज़िला के धौलाकुंआ में आयोजित 26वीं ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है। ज़िला पुलिस अधीक्षक

शिवानी मेहला ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सुरजीत की ये उपलब्धि ज़िला लाहौल–स्पिति सहित पूरे हिमाचल प्रदेश पुलिस के लिए गर्व का विषय है।

……